**विदाई** | 60 वर्षीय दुर्गा दासी के निधन के बाद मेडिकल को सौंपी गई देह, देहदान महादान को किया चारितार्थ

# गार्ड ऑफ ऑनर के साथ दी गई अंतिम विदाई



**नवभारत,जबलपुर।** मानव सेवा का सच्चा भाव केवल जीवन तक सीमित नहीं रहता, बल्कि मृत्यु के बाद भी समाज के लिए प्रेरणा बन सकता है। ऐसा ही प्रेरणादायक उदाहरण बुधवार को गौतम जी की मढ़िया गढ़ा निवासी 60 वर्षीय दुर्गा दासी ने प्रस्तुत किया। संत रामपाल जी महाराज की शिक्षाओं से प्रेरित होकर उन्होंने जीवनकाल में ही अपनी अंतिम इच्छा व्यक्त की थी कि उनके निधन के बाद उनकी देह चिकित्सा शिक्षा एवं मानव सेवा के लिए दान की जाए।

### 2013 में ग्रहण की थी नाम दीक्षा

दुर्गा दासी ने वर्ष 2013 में संत रामपाल जी महाराज से नामदीक्षा ग्रहण की थी। उनकी यह अंतिम इच्छा थी कि उनके निधन के बाद उनकी देह चिकित्सा क्षेत्र में दान कर दी जाए, ताकि भविष्य के चिकित्सकों की शिक्षा और शोध कार्य में उसका उपयोग हो सके। फिर उनके निधन के बाद उनके पति तुलसी दास ने उनकी इस अंतिम इच्छा का सम्मान करते हुए उनकी देह नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज, जबलपुर को चिकित्सा शिक्षा एवं शोध कार्य के लिए दान कर दी। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज में दिवंगत दुर्गा दासी को गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानपूर्वक अंतिम विदाई दी गई। यह दृश्य उपस्थित लोगों के लिए अत्यंत भावुक और प्रेरणादायक रहा तथा मानव सेवा के प्रति समर्पण का एक अनुकरणीय उदाहरण बन गया।

### डीन ने की सराहना

मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. नवनीत सक्सेना ने इस अवसर पर परिवार के इस निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि दुर्गा दासी की देह चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में लगभग 250 मेडिकल विद्यार्थियों के प्रशिक्षण में उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने इस पुनीत कार्य के लिए परिवार का आभार व्यक्त करते हुए संत रामपाल जी महाराज की मानव सेवा की प्रेरणा की भी प्रशंसा की। साथ ही उन्होंने आशा जताई कि भविष्य में भी ऐसे सहयोग से चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता और अधिक सुदृढ़ होगी।


## कलेक्टर ने सुनीं आमजनों की समस्याएं

**नवभारत,जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने शहपुरा प्रवास के दौरान आमजनों की समस्याएं सुनीं तथा उनके त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान नागरिकों ने खाद उपलब्ध नहीं होने, राशन कार्ड, सीमांकन, बंटवारा, राशन कार्ड तथा पात्रता पर्ची से संबंधित समस्याएं बताई। कलेक्टर श्री सिंह ने संबंधित अधिकारियों को सभी प्रकरणों का नियमानुसार एवं शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

वहीं कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में जनपद पंचायत शहपुरा में पेयजल और स्वच्छता को लेकर कार्यशाला एवं समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने पंचायतों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने और राजस्व को बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि पंचायतों में संपत्ति कर की वसूली को बेहतर बनाया जाए, जिसमें वेयरहाउस, अवैध कॉलोनियों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का संपत्ति कर अनिवार्य रूप से वसूला जाए।

# कॉलेज के युवाओं में एआई का बढ़ा इस्तेमाल

**चैटजीपीटी जैसे एआई टूल्स बने पढ़ाई का नया सहारा**




**नवभारत , जबलपुर ।** कॉलेजों में पढ़ने वाले युवाओं के बीच आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग लगातार बढ़ रहा है। चैटजीपीटी , जैमिनी और अन्य एआई आधारित प्लेटफॉर्म अब केवल तकनीकी छात्रों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि कला, वाणिज्य, विज्ञान और प्रोफेशनल कोर्स के विद्यार्थी भी इनका व्यापक रूप से उपयोग कर रहे हैं। असाइनमेंट, प्रोजेक्ट, रिसर्च, प्रेजेंटेशन, नोट्स, भाषा सुधार और परीक्षा की तैयारी जैसे कार्य अब कुछ ही मिनटों में पूरे हो रहे हैं। एआई ने शिक्षा के क्षेत्र में कई सकारात्मक बदलाव भी लाए हैं। किसी कठिन विषय को सरल भाषा में समझना, कम समय में अध्ययन सामग्री तैयार करना और व्यक्तिगत जरूरत के अनुसार सीखने की सुविधा छात्रों के लिए लाभदायक साबित हो रही है। जिन छात्रों को किसी विषय में अतिरिक्त सहायता की आवश्यकता होती है, उनके लिए एआई एक डिजिटल मार्गदर्शक की भूमिका निभा रहा है। हालांकि, एआई के बढ़ते उपयोग ने कई गंभीर सवाल भी खड़े किए हैं। कई शिक्षकों का कहना है कि कुछ छात्र बिना स्वयं अध्ययन किए सीधे एआई से उत्तर तैयार कर जमा कर रहे हैं। इससे विषय की गहरी समझ, रचनात्मक सोच और समस्या समाधान जैसे कौशल प्रभावित हो सकते हैं। इसके साथ ही परीक्षा और मूल्यांकन की पारदर्शिता को लेकर भी नई चुनौतियां सामने आ रही हैं।

### एआई का बढ़ता प्रभाव – अवसर भी, चुनौती भी

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने छात्रों के लिए पढ़ाई को पहले से अधिक आसान, तेज और सुलभ बनाया है। रिसर्च, भाषा सुधार, समय प्रबंधन और कठिन विषयों की समझ में यह प्रभावी भूमिका निभा रहा है। वहीं दूसरी ओर, अत्यधिक निर्भरता छात्रों की रचनात्मकता, तार्किक सोच, लेखन क्षमता और आत्मविश्वास को प्रभावित कर सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि एआई का सही उपयोग वही है, जो छात्र की मेहनत और समझ को मजबूत करे, न कि उसकी जगह ले।

### इनका कहना है



आज एआई का उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य और कानून जैसे क्षेत्रों में भी बढ़ रहा है। यह समय बचाता है और जानकारी तक पहुंच आसान बनाता है, लेकिन यदि छात्र पूरी तरह इसी पर निर्भर हो जाएं तो उनकी समस्या समाधान की योग्यता प्रभावित हो सकती है।
**शिफा बानो ,कॉलेज स्टूडेंट**



डिजिटल युग में छात्रों के लिए एआई सीखना भी जरूरी है और उसका सही उपयोग करना भी। किसी भी जानकारी को कई स्रोतों से मिलान करना, तथ्यों की पुष्टि करना और अपनी समझ विकसित करना उतना ही महत्वपूर्ण है।
**प्रिया पटेल,कॉलेज स्टूडेंट**

### एक नजर में

## आधुनिक हिंदी काव्यधारा का वर्चुअल लोकार्पण

**नवभारत,जबलपुर।** आधुनिक हिंदी काव्यधारा-1 पुस्तक का वर्चुअल लोकार्पण एवं परिचर्चा गूगल मीट के माध्यम से आयोजित की गई। डॉ. सुनील परीट (कर्नाटक) और सह-संपादक डॉ. बी. जे. पटेल 'ब्रिजेश' (गुजरात) द्वारा संपादित इस काव्य संग्रह में देश के विभिन्न राज्यों के 11 रचनाकारों की 90 कविताओं को शामिल किया गया है। कार्यक्रम में पुस्तक की विशेषताओं, इसके प्रचार-प्रसार तथा विभिन्न विश्वविद्यालयों, स्कूलों और पुस्तकालयों तक पहुंचाने पर चर्चा की गई। रचनाकारों ने कविता पाठ और अपने विचार साझा किए तथा भविष्य में देशभक्ति विषय पर नए काव्य संग्रह प्रकाशित करने का भी सुझाव दिया। अंत में सभी प्रतिभागियों को डिजिटल प्रमाणपत्र प्रदान किए गए और डॉ. सुनील परीट ने आभार व्यक्त किया।

## ब्रह्माकुमारी शिव स्मृति भवन में हुआ गुप्त साधना महोत्सव

**नवभारत, जबलपुर।** नेपियर टाउन स्थित ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, शिव स्मृति भवन में 'गुप्त साधना महोत्सव' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता बीके डॉ. श्याम जी रावत ने राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से आंतरिक नौ दिव्य शक्तियों को जागृत कर तनाव, चिंता और नकारात्मक सोच से मुक्ति का मार्ग बताया। इस दौरान बीके वर्षा एवं बीके भावना ने उपस्थित जनसमूह को ध्यान का अभ्यास कराया। समारोह में विशेष अतिथि अशोक मिश्रा (आईओएफएस), जनार्दन शुक्ला (ज्योतिषाचार्य) तथा निधि जैन (सनातन हिन्दू एकता मंच) उपस्थित रहे, जिन्होंने सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन भ्राता पवन पांडेय ने किया तथा अंत में ईश्वरीय प्रसाद का वितरण हुआ।

# गीता धाम में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा शुरू



**नवभारत, जबलपुर।** गौरीघाट स्थित श्री गीता धाम में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा बुधवार को शुरू हुई। कथा प्रारंभ होने से पहले भगवान श्रीमद्भागवत महापुराण की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान कथाव्यास श्रीमद् जगद्गुरु डॉ. स्वामी नरसिंहदेवाचार्य ने महत्व का भावपूर्ण निरूपण करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण भगवान श्रीकृष्ण का वाङ्मय स्वरूप है। कलियुग में मानसिक अशांति, मोह और भौतिक आकर्षणों से घिरे मनुष्य को श्रीमद्भागवत ही भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का सच्चा मार्ग दिखाती है। कथा श्रवण महज धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, सदाचार और परमात्मा से साक्षात्कार का दिव्य माध्यम है। इस दौरान आयोजकों ने बताया कि श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक होगा।

### श्रद्धापूर्वक श्रवण से मिलती है भगवान की असीम कृपा

इस दौरान श्रीमद् जगद्गुरु डॉ. स्वामी नरसिंहदेवाचार्य ने आगे कहा कि जहाँ श्रद्धा-भक्ति से श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होता है, वहाँ समस्त तीर्थों, देवी-देवताओं और ऋषि-मुनियों का दिव्य वास रहता है। इसके श्रद्धापूर्वक श्रवण से पापों का क्षय, अंतःकरण निर्मल और भगवान की असीम कृपा मिलती है। कथा के मुख्य यजमान आशालता गुप्ता (राकेश गुप्ता, सुरेश गुप्ता एवं रवि गुप्ता), रामलखन परोहा, सरोज मिश्रा, शिवांश, स्नेहलता मिश्रा, गीता चौकसे, रामसेवक पटेल, श्यामा राय, राजकुमारी लामी और चन्द्रमणि लोधी ने व्यासपीठ पूजन कर कथा श्रवण का पुण्य लाभ लिया।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवारों ने जयवर्धन सिंह का किया स्वागत



**नवभारत, जबलपुर।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी के रसल चौक कार्यालय में पूर्व कैबिनेट मंत्री जयवर्धन सिंह का आगमन हुआ। इस दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार कांग्रेस प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज नामदेव, निर्मलचंद जैन, केशव प्रसाद चौरसिया, नारायण सिंह शर्मा, अशोक यादव, श्याम सोलंकी, आशा मालवीय, डॉ. किरण गठोरिया, डॉ. निधि शर्मा, ओमप्रकाश जायसवाल, शिवमंगल यादव, ओमप्रकाश शर्मा, अरुण उसरेटे, पवन सोनी और अभय सोनी सहित कई वंशजों ने सूत की माला पहनाकर उनका स्वागत किया।

### गांधी भवन स्थित ऐतिहासिक कार्यालय खुलवाने की उठी मांग

प्रतिनिधिमंडल ने जयवर्धन सिंह को ज्ञापन सौंपकर गांधी भवन टाउन हॉल में बंद पड़े स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के वर्षों पुराने वाचनालय एवं कार्यालय को खुलवाकर चाबी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार कांग्रेस प्रकोष्ठ को सौंपने की मांग रखी। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि आजादी के बाद से यह कार्यालय उनकी विरासत का प्रतीक रहा है, जिस पर कब्जा कर इसे कई वर्षों से बंद रखा गया है। इससे सेनानियों के वंशज अपने कार्यालय का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। इस पर पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह ने सेनानियों के उत्तराधिकारियों का सम्मान करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा को निर्देश दिए कि गांधी भवन टाउन हॉल स्थित कार्यालय को शीघ्र खुलवाकर उन्हें उपलब्ध कराया जाए।

# ननि ने स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत शुरू की स्वच्छ वार्ड रैंकिंग स्पर्धा



**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर को देश का अग्रणी शहर बनाने के लिए शहर में स्वच्छ भारत मिशन और स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत स्वच्छ वार्ड रैंकिंग स्पर्धा का औपचारिक शुभारंभ कर दिया गया है। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू और निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के निर्देशों के तहत 23 जुलाई से 5 अप्रैल तक सभी वार्डों का कड़े मानकों पर मूल्यांकन होगा। इसके लिए पांच सदस्यीय मूल्यांकन समिति का गठन किया गया है, जिसमें अपर आयुक्त, उपायुक्त और अधीक्षण यंत्री स्तर के अधिकारी शामिल हैं। गठित समिति 10 प्रमुख बिंदुओं और कुल 100 अंकों के आधार पर घर-घर कचरा संग्रहण, पृथक्करण, सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक और ओडीएफ प्रोटोकॉल के तहत सार्वजनिक शौचालयों के संचालन की जांच करेगी। इसके साथ ही पर्यावरण अधिनियम 1986 और सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में 24 से 30 जुलाई 2026 तक सभी 16 संभागों में विशेष चालानी कार्रवाई सप्ताह आयोजित किया जाएगा। इस दौरान खुले में कचरा फेंकने, प्लास्टिक बेचने, निर्माण सामग्री सड़क पर रखने, मांस का अवैध विक्रय करने और कचरा जलाने पर अर्थदंड लगाया जाएगा।

### स्वच्छता नियमों का पालन करना अनिवार्य

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के परिपालन में निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार की अध्यक्षता में होटल, रेस्टोरेंट और मैरिज गार्डन संचालकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बड़े पैमाने पर कचरा उत्पन्न करने वाले इन व्यावसायिक संस्थानों को नए नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए विशेषज्ञों ने प्रेजेंटेशन दिया। इस दौरान निगमायुक्त ने स्पष्ट किया कि भारी मात्रा में कचरा निकालने वाले प्रतिष्ठानों को परिसर में ही गीला और सूखा कचरा अलग करना अनिवार्य होगा। बड़े होटलों और मैरिज गार्डनों को अपने यहाँ निकलने वाले गीले कचरे के निष्पादन के लिए ऑन-साइट कम्पोस्टिंग या बायो-मिथेनेशन प्लांट स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं। नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त चालानी कार्रवाई की जाएगी।

# तक्षशिला ग्रुप के ओपन कैंपस में 31 छात्रों का चयन



**नवभारत, जबलपुर।** संस्कारधानी की अग्रणी संस्था तक्षशिला ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में पॉलीटेक्निक डिप्लोमा एवं बी.एस.सी. के सभी ब्रांच के छात्रों के लिए नागपुर की मल्टीनेशनल कम्पनी सीएट टायर लिमिटेड द्वारा ओपन कैम्पस का आयोजन किया गया। छात्रों के रजिस्ट्रेशन के बाद प्लेसमेन्ट वार्ता, एप्टीट्यूड टेस्ट और लिखित परीक्षा दी तथा फाइनल साक्षात्कार होने के बाद 31 छात्रों का चयन हुआ। चयनित छात्रों का जॉब लोकेशन नागपुर रहेगा। सीएट टायर लिमिटेड के एच. आर. मानसी गावली, जाकी अहमद और ध्यानेश्वर बड़वेक ने बताया कि सभी चयनित छात्रों को डिप्लोमा इंजीनियरिंग ट्रेनी के पद पर नियुक्ति की जाएगी।

इस अवसर पर संस्था के चेयरमेन आर.एन. पहारिया ने कहा कि इस कैम्पस से पॉलीटेक्निक डिप्लोमा एवं बी.एस.सी. के सभी छात्र लाभान्वित होकर अपना भविष्य सुनिश्चित करेंगे। तक्षशिला ग्रुप का हमेशा प्रयास रहा है कि प्रतिभावान छात्रों को कैम्पस के माध्यम से उन्हें उनकी मंजिल तक पहुँचाएँ। चयनित छात्रों को संस्था के चेयरमेन आर.एन. पहारिया, सचिव शरद कुमार गुप्ता, संयुक्त सचिव शरद जैन और प्राचार्य डॉ. बी. के. साहू ने बधाई दी। कैम्पस को सफल बनाने में टीपीओ डॉ. नितिन गौर, प्रो. गुरबानी कौर पदम, प्रो. संतोष पटेल और टी.ओ. फैज़ल अंसारी का विशेष योगदान रहा।

# कल्चुरी महिला मंडल ने की दो विद्यार्थियों की आर्थिक सहायता



**नवभारत, जबलपुर।** कल्चुरी महिला मंडल, जबलपुर ने सामाजिक सरोकार निभाते हुए आर्थिक रूप से जरूरतमंद एवं मेधावी विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा के लिए सहयोग का हाथ बढ़ाया। मंडल की ओर से निहाल राय एवं ओम चौकसे को उनके उच्च शिक्षा प्रवेश के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

महिला मंडल की पदाधिकारियों ने बताया कि वीरेंद्र राय के अस्वस्थ होने के कारण उनके पुत्र निहाल राय को ज्ञान गंगा कॉलेज में बीटेक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए आर्थिक सहयोग दिया गया। वहीं ओम चौकसे, जिन्होंने नीट यूजी परीक्षा उत्तीर्ण की है, उनके मेडिकल शिक्षा में प्रवेश के लिए भी सहायता राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर दोनों विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए महिला मंडल ने आश्वासन दिया कि आवश्यकता पड़ने पर भविष्य में भी हर संभव सहयोग किया जाएगा। कल्चुरी महिला मंडल समाज हित एवं शिक्षा के क्षेत्र में लगातार अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

# स्कूल के विकास और अनुशासन के लिए छात्र परिषद संकल्पित




**नवभारत,जबलपुर।** हाथीताल स्थित सनातन धर्म पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को छात्र परिषद 2026-27 का शपथग्रहण समारोह हुआ। इस हेड बॉय लक्की सत्वानी, हेड गर्ल अपूर्वा त्रिपाठी, वाइस हेड बॉय शौर्य चौरसिया और वाइस हेड गर्ल अनन्या त्रिपाठी ने कर्तव्य परायणता की शपथ ली। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना और अतिथियों के स्वागत से हुआ। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष तरुण भनोट मुख्य अतिथि रहे। इस दौरान प्राचार्या मौलश्री दुबे ने छात्र प्रतिनिधियों को अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति सजग रहने और अनुशासन, सेवा व नेतृत्व की भावना से जिम्मेदारियां निभाने के लिए प्रेरित किया।

### विद्यार्थियों से आदर्श छात्र नेता बनने का आह्वान

इस दौरान तरुण भनोट ने कहा कि सच्चा नेतृत्व अधिकारों के प्रदर्शन से नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और उत्कृष्ट आचरण से बनता है। भनोट ने विद्यार्थियों से स्कूल की परंपराएं बनाए रखने, साथियों के लिए प्रेरणास्रोत बनने और टीम भावना से आदर्श छात्र प्रतिनिधि बनने का आह्वान किया। इस दौरान उपाध्यक्ष डी.आर. सेठी व सुखबीर कोचर, कोषाध्यक्ष राकेश गुप्ता, सचिव अनुपम आनंद, संयुक्त सचिव नीरज ब्योत्रा और इन्दर विरमानी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

**कर्मचारी सभा** | मजदूर हितों के लिए हमेशा संघर्ष करता रहेगा संगठन, कर्मचारियों के अधिकार के लिए प्रयास रहेंगे जारी

# राष्ट्र निर्माण और श्रमिक कल्याण ही हमारा मुख्य उद्देश्य : मुकेश सिंह



**नवभारत, जबलपुर।** राष्ट्र सर्वोपरि है और संगठन का प्रत्येक प्रयास राष्ट्र निर्माण, उद्योग की प्रगति तथा श्रमिकों के कल्याण के लिए समर्पित है। बीपीएमएस हमेशा स्पष्ट और पारदर्शी नीति के साथ कर्मचारियों के हितों के लिए कार्य करता है और यह संगठन राष्ट्रहित, उद्योगहित एवं मजदूर हित के सिद्धांतों पर कार्य करता है। ये सारी बातें भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ के कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह ने कहीं। मौका था विद्यानगर गेट, जीसीएफ पर आयोजित बीपीएमएस की विशाल कर्मचारी सभा का।

बुधवार को सुबह बीपीएमएस के कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह का कानपुर आयुध निर्माणी से संस्कारधानी जबलपुर पहुंचे। जबलपुर प्रवास के दौरान मुकेश कुमार सिंह ने गन कैरिज फैक्ट्री के महाप्रबंधक ऋतुराज द्विवेदी से भी शिष्टाचार भेंट की। उनके आगमन पर जबलपुर के विभिन्न रक्षा प्रतिष्ठानों के भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध संगठनों के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका आत्मीय स्वागत किया तथा संगठन के भविष्य की रूपरेखा एवं कर्मचारी हितों से जुड़े विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया।

### सेवानिवृत्ति तक बने रहेंगे सरकारी कर्मचारी

अवशोषण पैकेज के विषय में मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि यह सभी यूनियनों के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। सिंह ने आरोप लगाया कि कुछ संगठन इस विषय पर कर्मचारियों के बीच भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं और कहा कि मद्रास उच्च न्यायालय में दायर याचिका में कहीं भी यह उल्लेख नहीं है कि कर्मचारी सेवानिवृत्ति तक सरकारी कर्मचारी बने रहेंगे। सिंह ने आगे कहा कि बीपीएमएस ने रक्षा सचिव, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के सचिव, केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह तथा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के समक्ष इस विषय को लगातार उठाया, जिसके सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए। सिंह ने रक्षा मंत्रालय के डीडीपी द्वारा 20 मई 2003 को जारी भर्ती विज्ञप्ति के अंतर्गत नियुक्त 7,354 प्रशिक्षु कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिए जाने की मांग का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि बीपीएमएस इस विषय को लगातार संबंधित मंत्रालयों एवं डीओपीटी के समक्ष उठाता रहा है तथा कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए प्रयास जारी हैं। f

### बीपीएमएस ने उठाई वेतन सुधार की मांग

मुकेश कुमार सिंह ने कर्मचारी सभा में 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के संबंध में बीपीएमएस द्वारा सरकार के समक्ष रखी गई प्रमुख मांगों का विस्तार से उल्लेख किया। इस दौरान सिंह ने कहा कि बीपीएमएस ने मूल वेतन संरचना में सुधार, उपयुक्त फिटमेंट फैक्टर, समयबद्ध पदोन्नति, वार्षिक वेतन वृद्धि को 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 6 प्रतिशत करने, तीन दिन तक के एचपीएल अवकाश के लिए मेडिकल प्रमाण-पत्र की अनिवार्यता समाप्त करने, अर्जित अवकाश को सेवानिवृत्ति तक जोड़ने तथा चिल्ड्रेन एजुकेशन अलाउंस को बढ़ाकर 12,000 रुपए प्रतिमाह करने सहित अनेक महत्वपूर्ण मांगें सरकार के समक्ष रखी हैं। सिंह ने इंडस्ट्रियल एम्प्लॉइज के प्रमोशन में हो रही देरी पर चिंता व्यक्त करते हुए आगे कहा कि जब पदोन्नति का समय निर्धारित है तो अनावश्यक विलंब उचित नहीं है।

# एआईडीईएफ संयुक्त महासचिव रविंद्र रेड्डी पच्चीस को आएंगे जबलपुर





**नवभारत, जबलपुर।** आगामी 25 जुलाई को जीसीएफ में होने जा रहे कार्य समिति चुनाव के मद्देनज़र ऑल इंडिया डिफेंस एम्प्लॉयड फेडरेशन के संयुक्त महासचिव कॉमरेड रविंद्र रेड्डी का जबलपुर आगमन प्रस्तावित है। वे कर्मचारियों के बीच पहुँचकर फेडरेशन के संघर्षों एवं उपलब्धियों की जानकारी देंगे तथा उनसे संवाद करेंगे। इसी सिलसिले में आज जीसीएफ वेस्ट गेट पर मजदूर कर्मचारी मोर्चा (हथौड़ा-इंटक) की विशाल द्वार सभा आयोजित की गई, जिसमें सैकड़ों कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान पूर्व मजदूर संघ अध्यक्ष मिठाई लाल रजक ने फेडरेशन के प्रयासों और मांगों की विस्तार से जानकारी दी। वहीं, वीइकल फैक्ट्री से आए राजेश मिश्रा ने लाल झंडे के नेतृत्व में कर्मचारियों के अधिकार, सम्मान और सामाजिक सुरक्षा के ऐतिहासिक संघर्षों व बलिदानों का उल्लेख करते हुए एकजुटता का आह्वान किया। द्वार सभा को संबोधित करते हुए मजदूर संघ के महामंत्री रोहित यादव ने कहा कि कर्मचारियों ने उन्हें लगातार सात बार कार्य समिति सदस्य के रूप में चुनकर अपना विश्वास जताया है। रोहित ने हमेशा कर्मचारियों की आवाज़ को मजबूती से उठाया है और इस बार भी भविष्य में उनके हितों की लड़ाई लड़ने के लिए समर्थन और आशीर्वाद की अपेक्षा रखते हैं।

### रक्षा और एकता सर्वोच्च प्राथमिकता

सभा में मौजूद कर्मचारियों ने आगामी चुनाव में श्रमिक हितों की रक्षा और एकता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संकल्प लिया। आयोजकों ने विश्वास जताया कि कॉमरेड रविंद्र रेड्डी के आगमन से कर्मचारियों को फेडरेशन की उपलब्धियों और भविष्य की रणनीति की प्रत्यक्ष जानकारी मिलेगी, जिससे कर्मचारी आंदोलन को और अधिक मजबूती प्राप्त होगी।